## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल उइके 23 फरवरी को आदिवासी औद्योगिक संवर्धन एवं संचालन सम्मेलन में शामिल होंगी

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 23 फरवरी को आदिवासी औद्योगिक संवर्धन एवं संचालन सम्मेलन में शामिल होंगी। सुश्री उइके सुबह सुबह 11:00 बजे व्ही.आई.पी. रोड, राजीव गांधी मार्ग स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में आयोजित आदिवासी औद्योगिक संवर्धन एवं संचालन सम्मेलन में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम 'अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के संरक्षण और अधिकार' विषय पर आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने रंगकर्मी मनीष दत्त (दादा) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के रंगकर्मी मनीष दत्त (दादा) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री बघेल ने इस दुख की घड़ी में सांत्वना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। काव्य भारती संस्था के संस्थापक बिलासपुर निवासी श्री मनीष दत्त का आज सुबह निधन हो गया। श्री दत्त ने अनेक राज्यों में सफल नाट्य मंचन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बस ने मारी ठोकर, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सड़क किनारे पेशाब कर रहे अधेड़ को तेज रफ्तार बस ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्ला कालोनी पंडरी निवासी शशिकांत तिवारी 32 वर्ष ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुक्रवार को ग्राम सातपारा रोड के किनारे शिवदत्त जंघेल 55 वर्ष बस में बैठकर रायपुर आ रहा था तभी बाथरूम जाने के लिए बस रोकवाकर सड़क किनारे पेशाब कर रहा था पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0702 के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री बेंगलुरू में आयोजित द हिन्दू हडल 2020 कार्यक्रम में शामिल हुए

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को बेंगलुरू के आईटीसी गार्डेनिया में आयोजित द हिन्दू हडल 2020 कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। बघेल इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपरान्ह करीब 3 बजे बेंगलुरू से सीधे सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर की दरिमा एयरस्ट्रीप पहुचेंगे। श्री बघेल यहां सरगुजा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5.15 बजे अंबिकापुर से रायपुर आयेंगे।

### मुख्यमंत्री ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को किया याद

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री स्वर्गीय मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। श्री बघेल ने कहा है कि मौलाना अबुल कलाम जी ने आजादी की लड़ाई के साथ भारत की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

### केलो सिंचाई परियोजना के लिए 891 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य की महत्वपूर्ण एवं अहम वृहद सिंचाई परियोजना केलो के निर्माण के लिए राज्य शासन ने 891 करोड़ एक लाख रूपए स्वीकृत प्रदान कर दी है। इस वृहद परियोजना से 22 हजार 810 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से मुख्य अभियंता मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना जल संसाधन विभाग बिलासपुर को सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस बहु प्रतीक्षित वृहद सिंचाई परियोजना के पूरे हो जाने पर क्षेत्र के किसानों की समृद्धि के साथ उनके जीवन में खुशहाली आएगी।

# आवासीय विकास- एकल खिड़की प्रणाली के बेहतर संचालन संबंधी कार्यशाला सम्पन्न

**» आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आवासीय विकास की अनुमति के लिए ऑनलाईन एकल खिड़की प्रणाली**



**रायपुर।** आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आवासीय विकास की अनुमति के लिए ऑनलाईन एकल खिड़की प्रणाली के बेहतर संचालन के संबंध में आज राजधानी रायपुर के सिविल लाईन स्थित नवीन विश्राम गृह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कॉलोनी-टाउनशिप के विकास के लिए अनापत्तियों तथा अनुमतियों के सरलीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

प्रदेश में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप कॉलोनी की अनुमति के लिए एकल खिड़की प्रणाली के तहत 100 दिनों में अनुमोदन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। शासन द्वारा एनआईसी के माध्यम से सॉफ्टवेयर तैयार कर ष्टद्बह्लुह्स क्क्षह्लह्लुद्य पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आवास एवं पर्यावरण विभाग की ओर से आवासीय विकास की अनुमति के लिए विकसित इस ऑनलाईन एकल खिड़की प्रणाली का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 25 नवम्बर 2019 को किया गया है। शासन की मंशा के अनुसार इसके बेहतर संचालन के लिए कॉलोनी विकास की अनुमति से जुड़े समस्त विभागों को समय-समय पर सेमीनार के माध्यम से प्रशिक्षित करने का कार्य जारी है। इस तारतम्य में आज राजधानी में आयोजित कार्यशाला में क्रेडाई छत्तीसगढ़ से जुड़े सदस्यों तथा प्रदेश के टाउनप्लानर्स, इंजीनियर्स तथा आर्किटेक्टों को एकल खिड़की प्रणाली के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही एकल खिड़की प्रणाली के तहत ऑनलाईन आवेदन को अपलोड कराने तथा आवेदन के निराकरण की कार्रवाई संबंधी प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रदेश में कॉलोनी की अनुमति प्राप्त करने के लिए CG AWAAS URL Live-http://serviceonline.gov.in के माध्यम से आवेदन अपलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव सुश्री संगीता पी., संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री नरेन्द्र शुक्ल, संचालक राजस्व एवं आपदा विभाग श्री रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव आवास एवं पर्यावरण श्री भास्कर विलास संदीपन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स श्री प्रभात मलिक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी तथा क्रेडाई के सदस्य उपस्थित थे।

# चिमटापानी मोड़ पर स्विफ्ट कार पलटकर खाई में गिरी

**» देर रात्रि राइनो पहुंची मदद के लिये**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा राइनो को दिनांक 22.02.2020 के रात्रि करीब 00:30 बजे चिमटापानी मोड़ मेन रोड पर स्विफ्ट कार रोड किनारे 15-20 फीट खाई में गिरने से रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर तत्काल मौके पर आरक्षक उमाशंकर भगत एवं चालक जनार सिंह ईआरव्ही वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। वाहन में सवार कार का चालक सुरेंद्र खूंटे पिता जातीराम खूंटे उम्र 34 साल तथा कार पर सवार उसकी पत्नी लेलिन खुटे और बेटी मयूरा खूंटे उम्र 17 माह निवासी कोतबा जिला जसपुर तथा निशा खंडेलवाल पिता श्यामसुंदर खंडेलवाल उम्र 22 साल निवासी डबरा को चोटे आई थी। डायल 112 स्टाफ द्वारा आहतों एवं कार के सामानों को सुरक्षित खाई से बाहर निकालकर रोड़ पर लाये और ईआरव्ही वाहन से आहतों को सीएससी घरघोड़ा ले जाकर भर्ती कराये।



### पैरावेट में लगी आग

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली जूटमिल राइनो-2 को आज सुबह करीब 10:45 बजे टेका में फायर का इवेंट पर रवाना किया गया। डॉयल 112 स्टाफ आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी, चालक रोशन लहरें मौके पर पहुंचे। मौके पर फायर स्टाफ भी मौजूद था। निवासी टेका रेशम बैरागी पिता घासीराम बैरागी उम्र 32 साल के घर आंगन पर रखी पैरावत में आग लगी थी। ईआरव्ही फायर स्टाफ एवं गांव वालों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

# घर के सामने ओडिसा की मयुर छाप शराब बेचते हुए आरोपी को पुसौर पुलिस ने पकड़ा



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर में दिनांक 21.02.20 को कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव एवं हमराह स्टाफ द्वारा ग्राम तरड़ा निवासी महेन्द्र कुमार साहु पिता देवराज साहु उम्र 35 साल को उसके घर के सामने कच्ची महुआ शराब हाथ भठ्ठी की मयुर छाप शराब बेचते हुए पकड़े। पुलिस को सूचना मिली थी कि महेन्द्र साहू उडिसा से शराब लाकर अपने घर में रखा हुआ है और बिक्री कर रहा है। रेड कार्यवाही में आरोपी के पास से प्लास्टिक पन्नी का पैकेट प्रति पैकेट 200 द्रव्य क्षमता वाली कुल 49 पाउच(पैकेट) कुल शराब 9.800 लीटर है कीमत करीब 1225 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना पुसौर में धारा 34(2)59(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# किसानों को न्याय योजना के तहत मिलेगी धान विक्रय में अंतर की राशि



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य की कांग्रेस सरकार प्रदेश के कृषकों को उनके धान विक्रय में मिले अंतर की राशि न्याय योजना के तहत सीधे उनके खाते में जमा करा सकती है। इस बात का संकेत कुछ दिन पहले ही एक वरिष्ठ मंत्री ने भी दिया था।

20 फरवरी को धान खरीदी बंद होने के बाद अब राज्य सरकार कृषकों को जल्द ही उनके धान विक्रय में अंतर की राशि को न्याय योजना के तहत देने की तैयारी में है। ज्ञात हो कि प्रदेश के कुछ जिलों में धान खरीदी को लेकर उपजे विवाद, बारदाने की कमी, किसानों के हंगामे के बाद राज्य सरकार भी इस मसले पर गंभीर हो गई है।

इधर आज ही बेमेतरा में कुछ किसानों ने कवर्धा-बेमेतरा मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इसके पहले भी किसानों ने इसी तरह चक्काजाम कर अपना विरोध-प्रदर्शन किया था। इधर खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने भी कहा था कि ऐसे किसान जिन्होंने धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर लिया है, उनका धान खरीदा जाएगा, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। लेकिन बिचौलियों का धान किसी भी कीमत पर खरीदने की हर संभव कोशिश को नाकाम किया जाएगा।

इधर राज्य सरकार अब कल होने वाले मंत्रिमंडल की बैठक में इस विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकती है। सूत्रों की माने तो किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से ही भुगतान होना है, लिहाजा राज्य सरकार अंतर की राशि को न्याय योजना के तहत किसानों के खातों में जमा कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। इधर दावा यह भी किया गया है कि राज्य सरकार ने 20 फरवरी तक प्रदेश के 18 लाख 45 हजार किसानों से कुल 82 लाख 80 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इसके लिए किसानों को 1815 और 1835 रुपए प्रतिक्विंटल के हिसाब से कुल 15 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

चूंकि राज्य सरकार ने किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 25 सौ रुपए देने की घोषणा की है। इसलिए सरकार ने लगभग 670 रुपए प्रतिक्विंटल अंतर का राशि का भुगतान के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को जल्द ही प्रस्तुत कर दी जाएगी वहीं कल होने वाले कैबिनेट की बैठक में इस पर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया जा सकता है।



### बेंगलुरू में भूपेश बघेल से मुलाकात की क्रिकेटर अनिल कुंबले ने

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आज बेंगलुरू प्रवास के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्री अनिल कुंबले ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री बघेल द हिन्दु न्यूज पेपर द्वारा आयोजित 'द हडल 2020' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेंगलुरू पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री अनिल कुंबले द्वारा संचालित संस्था टेनविक छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूली बच्चों के शारीरिक विकास और खेलों का बढ़ावा देने का काम कर रही है।

# खुले में शराब पीने वाले आये जूटमिल पुलिस की रडार में

**» 7 व्यक्तियों पर हुई आबकारी एक्ट की कार्यवाही**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी प्रभारी जूटमिल दिनांक 22.02.2020 को निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा अपने स्टाफ के साथ मिलकर खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया।

जूटमिल पुलिस को शिकायतें मिल रही थी कि खुलेआम शराब पीने वाले के कारण महिलाओं एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा विवेचक को क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया जिस पर देर शाम तक 07 आरोपियों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पकड़ा गया जिन पर आबकारी एक्ट की धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

**इन पर हुई कार्यवाही -**

(1) लक्ष्मीनारायण जयसवाल पिता गौरीशंकर जयसवाल उम्र 35 वर्ष उम्र लोधिया थाना खरसिया जिला रायगढ़

(2) जय दास पिता कमल दास उम्र 31 साल निवासी कयाघाट चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़

(3) शैलेश कुमार पिता सुरेश सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी कैदीमुड़ा चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़

(4) साखन कर्ष पिता नत्थूलाल कर्ष उम्र 30 साल निवासी उलखर थाना सारंगढ़

(5) शिवरतन बरेठ पिता राधेश्याम बरेठ उम्र 29 वर्ष निवासी पटेलपाली चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़

(6) हरिकांत पाव पिता दाताराम पाव उम्र 19 वर्ष निवासी पटेलपाली चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़

(7) विक्रम कुमार बंजारे पिता स्वर्गीय रामू बंजारे उम्र 23 वर्ष निवासी कयाघाट दुर्गा मंदिर के पास चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़

# निर्माणाधीन काम्पलेक्स का बेसमेंट बनाते समय लापरवाहीपूर्वक खुदाई के चलते गिरा तीन मंजिला मकान

**काम्पलेक्स संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** निर्माणाधीन काम्पलेक्स के बेसमेंट के लिए 10 से 15 फीट गढ्डा खोदने के चलते शुक्रवार को राजधानी के बीरगांव इलाके में 12.15 बजे तीन मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई।

वहीं इमारत के बाजू में डॉ. काले का क्लिनिक भी गिर गया। लापरवाहीपूर्वक काम्पलेक्स के लिए गढ्डा खोदवाने के लिए काम्पलेक्स संचालक के खिलाफ खमतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ए 7/304 बीएम टावर खमतराई निवासी आशीष मिश्रा 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी का ट्रांसपोर्ट का व्यावसाय है। शुक्रवार को व्यास तालाब के आगे महेश्वरी उद्योग के बगल में रायपुर बिलासपुर रोड में तीन मंजिला भवन (मकान नंबर 66, वार्ड नंबर 27 जय बुदेव वार्ड) मेरे स्वयं के नाम पर था, जिसमें शशी पेशवानी को होटल चलाने के लिए किराए में दिया था तथा उपर के कमरों में शशी पेशवानी के होटल में काम करने वाले कर्मचारी रहा करते थे। कुछ दिनों से प्रार्थी के भवन के बाजू में सोनल कोठारी पति निलेश कोठारी देवेन्द्र नगर में किराए के मकान में रहने वाले का पुरानी दुकान थी जिसे तोड़कर वे नई दुकान बनवा रहे थे, जिसमें अंडर ग्राउण्ड बेसमेंट बनावाने का कार्य करवाया जा रहा था। इसके लिए 10-15 फीट का खुदाई करवाया गया था, खुदाई के काम के दौरान निलेश कोठारी से आग्रह किया था कि मीन की खुदाई ज्यादा न किया जाए। इसके चलते भवन को क्षति पहुंच सकती है किन्तु उनके द्वारा मीन की अधिक खुदाई किया गया, व प्रार्थी के मकान के नीचे का नींव से तीन फीट मिट्टी को खुदाई कर कर देने से सम्पूर्ण भवन भरभराकर गिर गया। भवन के बाजू में डॉ. काले का क्लिनिक (मकान मालिक इंदरजीत सिंह पिता मनोहर सिंह) तथा बंजारी टाईल्स क्षतिग्रस्त हो गया है।

भवन गिरने के चलते प्रार्थी का करीबन 55,00,000/- (पचपन लाख रूपये) तथा भवन में संचालित एस एस डी होटल का सामान कुल कीमत करीब 15-20 लाख रूपये का नुकसान हुआ है, उक्त घटना निलेश कोठारी द्वारा लापरवाही पूर्वक गड्ढा खोदने के कारण हादसा हुआ। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने निलेश कोठारी देवेन्द्र नगर के खिलाफ धारा 336, 427 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# बिलासपुर जिले में एक लाख किसानों ने बेचा धान

**» इस वर्ष 2.93 लाख क्विंटल ज्यादा खरीदी**

**रायपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में बिलासपुर जिले में एक लाख किसानों ने धान बेचा है। इस वर्ष 47 लाख 7 हजार 335 क्विंटल धान खरीदा गया है।**



किसानों को धान खरीदी का 8 अरब 56 करोड़ 50 लाख 35 हजार रूपए भुगतान किया गया। वर्ष 2018-19 में 85 हजार 335 किसानों से 44 लाख 14 हजार 282 क्विंटल धान खरीदा गया था। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष 2 लाख 93 हजार 53 क्विंटल ज्यादा धान खरीदी की गई। बिलासपुर जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण करने वाले 265 कोचियों और 3 अंतर्राज्यीय कोचियों पर कार्यवाही कर 9 हजार 902 क्विंटल धान जप्त किया गया। धान का अवैध परिवहन में लिप्त 46 वाहनों को जब्त किया गया। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों एवं वनक्षेत्रों में भी नाके बनाकर धान के अवैध परिवहन को रोका गया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 24 को

**रायपुर (आरएनएस)।** बच्चों में कृमि संक्रमण से जुड़े जनस्वास्थ्य समस्या से बचाव के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं महिला एवं बालविकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 24 फरवरी को किया गया है।

# 3 सवारी बाईक के चालक ने प्रधान आरक्षक के बाईक को मारी ठोंकर, 4 घायल रायगढ़ रिफर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला राइनों को दिनांक 22.02.2020 के शाम 16:20 बजे सरिया बार नया पेट्रोल पंप के पास रोड एक्सीडेंट पर रवाना किया गया। प्रधान आरक्षक अखिलेश पांडे एवं आरक्षक मोहन पटेल थाना डोंगरीपाली अभियान में थाना सरिया आए हुए थे और बिलासपुर जाने के लिए निकल थे कि सरिया बार पेट्रोल पम्प के पास उनकी मोटरसाइकिल को तीन सवारी बाईक जिसमें शिवा चौहान पिता नथुराम चौहान उम्र 17 साल, विक्रम चौहान पिता स्वर्गीय साहनी राम चौहान उम्र 18 साल, नावेल चौहान पिता सत्यनारायण चौहान उम्र 18 साल निवासी छोटे अतरमुड़ा ने ठोंकर मार दिया। दुर्घटना में आरक्षक मोहन पटेल का पैर फ्रेक्चर हो गया है तथा तीनों लड़कों को भी चोंटे आयी है। चारों घायलों को डॉयल 112 स्टाफ आरक्षक शिवानंद प्रधान एवं आरक्षक जगत ध्रुव एवं चालक लक्ष्मीनारायण चौहान द्वारा सीएचसी बरमकेला में भर्ती कराया गया , जहां प्राथमिक ईलाज के बाद चारों को रायगढ़ रिफर किया गया है। प्रधान आरक्षक अखिलेश पांडे को ज्यादा चोट नहीं आयी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480